भोले तेरे दुलारे हैं कान्हा एक बार तो श्याम से मिला ना

भोले तेरे दुलारे हैं कान्हा।
एक बार तो श्याम से मिलाना।
अब चलेगा ना कोई बहाना।
एक मुलाकात श्याम से करना।

मुझे बना दे श्याम के काबिल।
मैं गाऊँ बस राधे राधे।
मैं रंग जाऊँ श्यामल रंग में।
एक बार तो श्याम से मिला ना।

बाबा तू है भोला भंडारी।
तू भरता झोली खाली।
मैं ना मांगूँ और कुछ भी।
एक बार तो श्याम से मिलना।

तू जपे कृष्ण नाम।
कृष्ण करे तेरा ध्यान।
राधा नाम की महिमा भारी।
एक बार तो श्याम से मिला ना।

श्याम मोहिनी रूप बनायों।
तुम गोपी बन वृंदावन आयों।
बलि जाऊँ इन दोनों छवियों पे।
एक बार तो श्याम से मिला ना।

लेखाकार- शिवानी सिंह
गायिका - शिवानी सिंह

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33285/title/Bhole-tere-dulare-hain-kanha-ek-baar-to-shyam-se-mailana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |